आज नगर निगम महापौर श्री देवेन्द्र यादव एवं पूर्व विधायक श्री भजन सिंह निरंकारी द्वारा प्रियदर्शनी परिसर का निरीक्षण किया

प्रियदर्शिनी परिसर (पश्चिम) के रहवासियों द्वारा पहुँच मार्ग को लेकर की गयी शिकायत पर आज नगर निगम महापौर श्री देवेन्द्र यादव एवं पूर्व विधायक श्री भजन सिंह निरंकारी द्वारा प्रियदर्शनी परिसर का निरीक्षण किया जिसमें मुख्य रूप से अप्रोच रोड ख़राब रहने से वर्तमान बारिश के मौसम में हो रही आवागमन में परेशानी एवं 77 MLD की ओर से क्रास होने वाली मुख्य पाइप लाइन बिछाए जाने के दौरान ठेकेदार द्वारा खोदे गए गड्ढों को सही ढंग से पटाई न करने के कारण बनी दुर्घटना की आशंका को लेकर महापौर से शिकायत की थी जिसका निरीक्षण करते हुवे श्री यादव ने जल विभाग श्री सत्येंद्र सिंह से दूरभाष के जरिए संपर्क कर उक्त संबंध में जानकारी देते हुवे जल्द से जल्द गड्ढो का भराव किए जाने और आवागमन को व्यवस्थित करने निर्देश दिए इसी के साथ ही उपस्थित जोन अधिकारियों को सड़क के गड्ढों में डस्ट फिलिंग करते हुवे मूलभूत सुविधा प्रदान करने कहा एवं सड़क निर्माण हेतु प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिए। उक्त निरीक्षण के दौरान निवासियों ने रिक्त भूमि में गार्डन बनाए जाने की लंबे समय से लंबित मांग को भी महापौर के समक्ष रखा जिसपर महापौर ने उक्त संबंध में भी प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिए। उक्त दौरे कार्यक्रम में श्री यादव के साथ पू विधायक श्री भजन सिंह निरंकारी, श्री संदीप निरंकारी एवं अन्य प्रियदर्शनी परिसर निवासी उपस्थित थे साथ ही जोन क्र 01 के स्वच्छता प्रभारी श्री महेश पाण्डेय, के के गुप्ता आदि जोन अधिकारी कर्मचारी भी उपस्थित रहे।